# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के साणंद में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया

## विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 में जब देश की आज़ादी के 100 साल पूरे करे तब भारत पूर्ण विकसित हो उसका संकल्प लेने की यात्रा है

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पिछले 10 सालों में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था सहित हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं

## देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के सपनों का भारत बनाने का समय अब आ गया है

## मोदी जी ने देश में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है, इस योजना के देश के हर गांव तक पहुंचने पर पूरे भारत में सही मायने में परिवर्तन आ जायेगा


## मोदी जी ने गुजरात में शांति, विकास, समृद्धि और गरीब से गरीब व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की जो परंपरा बनाई है, ये विकसित भारत संकल्प यात्रा उसी परंपरा को आगे बढाने का काम करेगी

प्रविष्टि तिथि: 16 DEC 2023 6:34PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के साणंद में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया।



इस अवसर पर श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 में जब देश की आज़ादी के 100 साल पूरे करे तब भारत पूर्ण विकसित हो उसका संकल्प लेने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पिछले 10 सालों में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था सहित हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटाने का स्वप्न सरदार पटेल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के समय से अधूरा था, प्रधानमंत्री मोदी इसे पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भव्य राममंदिर भी बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के ही शासनकाल में हमारा चंद्रयान चांद पर पहुंचा और चांद पर तिरंगा फहराया गया।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद 75 सालों में पहली बार देश की अर्थव्यवस्था इतनी सुदृढ़ हुई है और औद्योगिक विकास सबसे ज़्यादा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों गरीबों के जीवनस्तर को उठाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि यहां चांगोदर में भी हर घर में नल से जल पहुंचाने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने हर गांव को सड़क से जोड़ने, हर घर में बिजली पहुंचाने, हर घर में बैंक खाता पहुंचाने और हर गरीब को प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त देने की व्यवस्था की है।



श्री अमित शाह ने कहा कि पिछले 75 सालों में देश ने अनेक क्षेत्रों में बहुत प्रगति की है, लेकिन जिन भी लोगों ने आज़ादी के लिए बलिदान दिया, उन्होंने भारत को दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के सपनों का भारत बनाने का समय अब आ गया है। श्री शाह ने कहा कि जब भारत की आज़ादी के 100 साल पूरे होंगे, तब देश में कोई व्यक्ति ऐसा ना हो जिसके घर में गैस सिलिंडर, शौचालय, खाना, बिजली ना हो, कोई अशिक्षित ना हो, ये कार्यक्रम एक ऐसे विकसित भारत की रचना का संकल्प लेने का कार्यक्रम है।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लक्ष्य रखा है कि देश में 2 करोड़ लखपति दीदी बनानी हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना अगर देश के हर गांव तक सफलता के साथ पहुंच जाये, तो भारत में सही मायने में परिवर्तन आ जायेगा। उन्होंने कहा कि देश की गरीब बहनों की आमदनी में वृद्धि होने से उनके जीवन की अनेक छोटी-छोटी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी और इसी प्रकार की व्यवस्था की कल्पना विकसित भारत संकल्प यात्रा में की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की मोदी गारन्टी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में मोदी जी की सरकार होने से गुजरात को तो डबल फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार औऱ गुजरात में भूपेन्द्र पटेल जी की सरकार के रूप में डबल इंजिन सरकार का लाभ गुजरात में देखने को मिला है। श्री शाह ने कहा कि गुजरात में अच्छी सड़कें बनाने और 24 घंटे बिजली देने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में शांति, विकास, समृद्धि और गरीब से गरीब व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की जो परंपरा बनाई है, ये विकसित भारत संकल्प यात्रा उसी परंपरा को आगे बढाने वाली है।

*****

**आरके / आरआर / पीआर / एके**

(रिलीज़ आईडी: 1987197) आगंतुक पटल : 89

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English